हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार 23 मार्च 2025



11 विश्व जल दिवस पर सांखोल में निकाली रैली





12 धमाके से खत्म हुआ परिवार छोड़ गया सवालों की कतार







# फाउंडेशन स्कूल में हुआ केजी स्टूडेंट्स का दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ सीनियर केजी के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों ने शिक्षा के अपने प्रारंभिक चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया और अगली कक्षा में प्रवेश किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा अभिभावकों को तिलक लगाकर और उनसे अंगूठे की छाप लगवाने से हुई। इस अवसर पर नन्हें छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। गीत, समूह नृत्य, कव्वाली, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियों से बच्चों ने प्रभावित किया। प्रिंसिपल मोनिका राठी ने अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बचपन की यह पहली शिक्षा यात्रा बच्चों के भविष्य की नींव होती है। हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमारे नन्हें छात्र आत्मविश्वास के साथ अपने अगले शैक्षिक सफर की ओर बढ़ रहे हैं। अभिभावकों के लिए भी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया था। अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना की। समारोह में छात्रों को ग्रेजुएशन कैप और प्रमाण पत्र प्रदान करना मुख्य आकर्षण रहा। सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए शिक्षकों और अभिभावकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। दीक्षांत समारोह में डिग्रियों के साथ केजी के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडं मैनेजमेंट कबलाना में शनिवार को 8वें दीक्षांत समारोह व अलुमनई मीट का आयोजन किया गया। समारोह में वाइस चांसलर प्रोफेसर राजबीर सिंह महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि प्रोफेसर शरणजीत कौर चेयरपर्सन रेहेब्लिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रही। इनके अलावा प्रोफेसर विनीता हुड्डा, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुशील गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्यातिथि वाइस चांसलर प्रोफेसर राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को देश के विकास के लिए अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। दीक्षांत समारोह में बीटेक अफटीअस के रत्नेश कुमार, सिविल इंजीनियरिंग के रक्षक शर्मा व एमबीए की हीना को पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सात विद्यार्थियों को 10 के 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के लगभग चार सौ विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई।



झज्जर। दीक्षांत समारोह में डिग्रियां वितरण के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। श्री गोपाल मंदिर में व्यास पूजन करते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## भगवान के भजन से ही मानव का कल्याण संभव

झज्जर। श्री गोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान के भजन से ही मानव का कल्याण संभव है। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भारतीय संस्कृति की आत्मा है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता हैं। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के लिए बहुत ही लाभदायक और पुण्यकारी है। पवित्र और शुद्ध मन से सुनी गई कथा से मनुष्य के जीवन का कल्याण होता है। कथा चंद्रमा की किरण के समान है जो सभी को समान रूप से शीतलता प्रदान करती है। कथा हमें आनंद की अनुभूति कराती हैं और यही आनंद हमें प्रभु से जोड़ता है।

## चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए अनुभवी सिलेक्शन कमेटी का गठन

# राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अंडर 15 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों का लिया ट्रायल

आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के होनहार मुक्केबाजों को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा मुक्केबाजी संघ द्वारा शनिवार को शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के राज्य स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन किया गया। मुक्केबाजी कोच हितेश देशवाल ने बताया कि मेजर सतपाल संधू के नेतृत्व में आयोजित इस दो दिवसीय ट्रायल की चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए एक अनुभवी सिलेक्शन कमेटी गठित की गई है, जिसमें अर्जुन अवार्डी और ओलंपियन अखिल कुमार, जय भगवान और दिनेश दादा शामिल हैं।

इसके अलावा, हरियाणा मुक्केबाजी संघ के महासचिव रवींद्र पन्नू और डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ओमबीर हुड्डा भी चयन प्रक्रिया में विशेष भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के होनहार मुक्केबाजों को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। पहले दिन अंडर 15 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों का ट्रायल लिया गया।

***लड़कियों के वर्ग में चयनित खिलाड़ी :*** लड़कियों के अंडर 15 आयु वर्ग में 30 से 33 किलोग्राम भारवर्ग में रोहतक से कोमल, 33 से 35 किलोग्राम में झज्जर से खुशी, 35 से 37 किलोग्राम में हिसान से तमन्ना, 37 से 40 किलोग्राम में हिसार से सवि, 40 से 43 किलोग्राम में रोहतक से कनिका, 43 से 46 किलोग्राम में हिसार से यंशिका, 46 से 49 किलोग्राम में पंचकूला से रीतकौर, 49 से 52 किलोग्राम में मेवात से प्रिंसी, 52 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में मेवात से अंशु का चयन हुआ है। इसी प्रकार 55 से 58 किलोग्राम में गुरुग्राम की नव्या, 58 से 61 किलोग्राम में सोनीपत की सुनेना, 61 से 64 किलोग्राम में जींद की वंशिका, 64 से 67 किलोग्राम में कुरूक्षेत्र की सुमन, 67 से 70 किलोग्राम में करनाल की मानसी मलिक तथा 70 किलोग्राम भार वर्ग से अधिक में दादरी से वंशिका का चयन हुआ है। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस राज्य स्तरीय ट्रायल्स में चयनित खिलाड़ियों को आगामी 30 मार्च से 3 अप्रैल तक, रोहतक में होने वाली राष्ट्रीय ट्रायल्स में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।


झज्जर। महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में आयोजित ट्रायल्स में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### लड़कों के वर्ग में चयनित खिलाड़ी

कोच हितेश देशवाल ने बताया कि लड़कों के अंडर 15 आयु वर्ग में 30 से 33 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत से वंश, 33 से 35 किलोग्राम में कैथल से रणदीप, 35 से 37 किलोग्राम में भिवानी के हर्षिल, 37 से 40 किलोग्राम में कुरूक्षेत्र से वंश, 40 से 43 किलोग्राम में सिरसा से आदित्य, 43 से 46 किलोग्राम में झज्जर से यश, 46 से 49 किलोग्राम में हिसार के संचित, 49 से 52 किलोग्राम में साई भिवानी से रवि सिहाग, 52 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में सोनीपत से देव का चयन हुआ है। इसी प्रकार 55 से 58 किलोग्राम में झज्जर के नमन सैनी, 61 से 64 किलोग्राम में भिवानी के नमन सिवाच, 64 से 67 किलोग्राम में यमुनानगर के अर्पित, 67 से 70 किलोग्राम में रोहतक के पार्थ तथा 70 किलोग्राम भार वर्ग से अधिक में भिवानी के सौरभ कौशिक का चयन हुआ है।


झज्जर। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विभागीय टीम एवं मौजिज व्यक्ति।

## वर्तमान दौर में जल संरक्षण के उपायों को अपनाना नितांत आवश्यक

बेरी। विश्व जल दिवस के अवसर पर उपमंडल के गांव बाकरा में खंड स्तरीय जल संरक्षण अभियान एवं कैच द रेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य स्तरीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कमेटी के सदस्य राजेंद्र कुमार जांगड़ा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस का आयोजन इस बात का प्रतीक है कि जल हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे संरक्षित रखना अनिवार्य है। उन्होंने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2050 तक देश की 50 प्रतिशत आबादी को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। इसलिए जल संरक्षण के उपायों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए।


बहादुरगढ़। पंचकूला रवाना होते मंडल अध्यक्ष संजय सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## बहादुरगढ़ से पंचकूला गए भाजपाई

बहादुरगढ़। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से शनिवार को विश्व जल दिवस पर बहुप्रतीक्षित जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2025 का शुभारंभ पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुआ। बहादुरगढ़ से भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी अन्य पदाधिकारियों के साथ इसमें शामिल होने के लिए पंचकुला गए। उनके साथ मंडल महामंत्री रमेश आर्य, प्रवीण सिंघल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, प्रमिला जून, पंकज खट्टर, बलविंदर मित्तल, विनोद, मंजू यादव, भारती, सोनू वर्मा, चांदनी लोहचब व चंद्रकला आदि पंचकुला गए।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में योगाभ्यास करते स्वयंसेवक व स्टॉफ सदस्य।

## साइबर अपराध व पर्यावरण को लेकर किया जागरुक

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में चल रहे साप्ताहिक एनएसएस कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत भी योग अभ्यास से हुई। कैंप का कार्यभार रेनू दहिया और संदीप ने संभाला। मंच का संचालन रेनू दहिया ने किया। शिविर में सोमवीर शास्त्री ने योग के उपयोग व फायदे के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कादयान ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्रोफेसर विजय ने देश में बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए इनसे बचने के तरीकों के बारे में बताया। कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रविंद्र गिल ने पर्यावरण के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। वातावरण को अशुद्ध कर रहे कारकों के बारे में जानकारी देते हुए इसे बचाने का आह्वान किया। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने डांस व रंगोली जैसी गतिविधियों में भाग लिया।


झज्जर। विद्यार्थियों को जल सरंक्षण संबंधी शपथ दिलाते हुए शिक्षक।

## विद्यार्थियों को दिलाई जल सरंक्षण की शपथ

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने की। सहायक प्राध्यापक डॉक्टर अन्नू ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद नवीन कुमार पूनिया सहायक प्राध्यापक भूगोल ने विश्व जल दिवस के इतिहास, इसको मनाने के उद्देश्य, विश्व में जल वितरण एवं वर्तमान समय में जल संरक्षण प्रासंगिकता बारे अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह यादव ने परंपरागत जल संरक्षण के उपायों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण संबंधी शपथ भी दिलाई। डॉक्टर अन्नू ने विश्व की बढ़ती हुई आबादी, जल का असमान वितरण व लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन के बीच विश्व जल दिवस 2025 के थीम ग्लेशियर संरक्षण की प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के बीच पर्यावरण, वर्तमान की आवश्यकताओं व भविष्य के पीढ़ियों के लिए संसाधन संरक्षण के ऊपर बल दिया।

# पोस्टर बनाकर एड्स के प्रति किया जागरूक

बहादुरगढ़। शनिवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर एचआईवी एड्स के प्रति युवाओं को जागरूक किया। किया ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय व दिव्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से अलंकृत किया गया। कॉलेज की यूथ रैडक्रॉस व रैड रिबन क्लब द्वारा आयोजन किया गया। ममता व निशा काउंसलर ने निर्णायक मंडल की भूमिका भी निभाई। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि जागरुक व सचेत युवा वर्ग ही समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करके एड्स जैसी भंयकर बीमारी से बच सकते हैं। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि नशे की लत, अज्ञानता व नासमझी ही एड्स की ओर बढ़ते कदम हैं। एचआईवी एड्स से संबंधित कलंक और गलत जानकारी के कारण बीमारी का समय पर निदान नहीं हो पाता हैं। असुरक्षित यौन संबंध व इंजेक्शन से ड्रग्स लेने से बचने जैसे रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ नेहा नैन ने बताया कि एड्स के प्रति जागरूकता के पोस्टर मेंकिग कार्यक्रम में 18 छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। दीपिका यादव व प्रीति ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


बहादुरगढ़। पोस्टर बनाने वाली छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि


# अखंड वाणी पाठ के दूसरे दिन लगाया मध्य भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के शक्ति नगर में संत शिरोमणि गरीबदास जी महाराज की अमृतमयी वाणी के अखंड पाठ के दूसरे दिन मध्य भोग लगाया गया। पाठी हंसराज, वेद और जसवंत ने अन्नदेव की महिमा का गायन किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। संध्या आरती की गई। आरती के पश्चात महात्माओं ने सत्संग भी किया।

भक्त जयश्री ने संगत को संत गरीबदास जी महाराज की वाणी का महात्म्य बताया। उन्होंने बताया कि मन को एकाग्रचित कर ध्यान साधना के जरिए प्रभु से साक्षात्कार सम्भव हो सकता है। डर और भौतिक वस्तु की चाह में तो लोग आजकल भगवान की शरण में चले जाते हैं, लेकिन सिर्फ और सिर्फ उस अनंत से साक्षात होने की इच्छा से अगर कोई ध्यान लगाएगा तो सही समय पर भक्त की हर मुराद पूरी होती है। भक्त जयश्री ने वाणी पाठ के मध्य भोग के पश्चात सत्संग भी किया।

उन्होंने कहा कि रोटी के दान से सतगुरु राजपाट देते हैं और हर मौज पूरी करते हैं। गरीबदास जी महाराज ने फरमाया भी है कि दास गरीब कहैं दरवेशा, रोटी बांटो सदा हमेशा।। भक्त जयश्री ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे अखंड वाणी पाठ का पूर्ण भोग लगाया जाएगा। टांकडी धाम के महंत कमल सागर इस दौरान संगत को अपने आशीर्वचनों से नवाजेंगे।


बहादुरगढ़। साहिब दरबार में श्रद्धालुओं को सत्संग फरमाती भक्त जयश्री। फोटो : हरिभूमि

## रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित

बहादुरगढ़। शनिवार को दिल्ली-रोहतक रोड स्थित एक इंस्टिट्यूट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। संजीव सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से हम जरूरतमंद की जान बचाते हैं। इस मौके पर बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान बलराज दलाल उर्फ बल्ली, नरेश छिकारा व जापान पहलवान भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते संजीव सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## शहर में जगह-जगह पर खुले नाले राहगीरों व शहरवासियों के लिए बनी परेशानी

# सिलानी गेट क्षेत्र में खुले नाले में गिरी गाड़ी, जेसीबी की मदद से निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर में जगह-जगह पर खुले नाले राहगीरों व शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बने हैं। नाले पर पर्याप्त ढक्कन की व्यवस्था न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। कभी नालों में बेसहारा गोवंश गिर रहे हैं तो कहीं वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। शनिवार शाम को भी सिलानी गेट क्षेत्र में खुले नाले के कारण एक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में जा गिरी। इस दुर्घटना में सड़क पर पैदल चल रह दो युवा भी बाल-बाल बचे।

गणीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी को भी चोट नहीं आई जबकि गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में केवल चालक मौजूद था जिसे राहगीरों द्वारा सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

इसके बाद दुकानदारों व राहगीरों ने गाड़ी को भी नाले से निकालने का प्रयास किया और जब वे सफल नहीं हो पाए तो जेसीबी का सहारा लिया गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी को बाहर निकाला गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार पवन ने बताया कि सिलानी गेट के मेन चौक पर कुछ दिन पहले नाले की सफाई व पुलिया निर्माण का कार्य चला था। जिसके बाद नाले को ढक्कन लगाकर कवर नहीं किया गया।

शाम करीब साढ़े छह बजे एक सफेद रंग की गाड़ी का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में जा गिरी।



झज्जर। सिलानी गेट के मुख्य चौराहे पर नाले में गिरी गाड़ी व नाले में गिरी गाड़ी को जेसीबी की सहायता से निकालने में जुटे व्यापारी व राहगीर। फोटो : हरिभूमि

### जिला प्रशासन से की नालों को कवर करने की मांग

नाले में गाड़ी गिरने की इस घटना के बाद व्यापार मंडल द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप में व्यापारी जिला प्रशासन की ढुलमुल कार्रवाई को कोसते नजर आए। जिला प्रशासन द्वारा नाले पर ढक्कन लगाने की मांग व्यापारियों द्वारा उठाई गई। दुकानदारों द्वारा बताया गया कि पिछले करीब एक माह से परेशानी आ रही है।

**खबर संक्षेप**



झज्जर। मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

## स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में किया श्रमदान

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान करते हुए गांव के मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। प्राचार्या डॉक्टर अनीता फोगाट ने एनएसएस क्लैप व गीत के साथ शिविर की शुरूआत कराई। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी सुनीता द्वारा भस्त्रिका प्राणायाम और श्वसन की कुंभक एवं रेचक क्रियाएं कराई गई। इसके उपरांत एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सवीन द्वारा योग के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। प्रातः कालीन सत्र में सीएचसी जमालपुर से आरबीएसके टीम के डॉक्टर राजेश, डॉक्टर यशु, फार्मासिस्ट कविता एवं एएनएम शर्मिला द्वारा स्वयंसेवियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान विद्यार्थियों के वजन, बीपी, ब्लड शुगर, एचबी और एचआईवी से संबंधित टेस्ट किए गए तथा रिपोर्ट के आधार पर उन्हें उचित खान-पान व दवाइयां लेने का सुझाव दिया गया। सायंकालीन सत्र में राजबाला और लैब टेक्नीशियन ज्योति द्वारा स्वयंसेविकाओं को फीमेल हाइजीन और मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की जानकारी दी गई।

### महिपाल ढांडा ने पांच लाख रुपये गुरुकुल महाविद्यालय को देने की घोषणा की

# गुरुकुल व आधुनिक शिक्षा पद्धति का समन्वय स्थापित करने में सरकार सजग

- मंत्री महिपाल ढांडा ने प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय के 109वें वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गुरुकुल शिक्षा पद्धति व आधुनिक शिक्षा पद्धति का समन्वय स्थापित करने की दिशा में सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। युवाओं में संस्कारों का समावेश कराने में जहां गुरुकुल शिक्षा प्रणाली की सक्रिय भागीदारी है वहीं आधुनिक शिक्षा पद्धति बदलते परिवेश के साथ सर्वांगीण विकास में सहयोगी है। यह बात शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय के 109वें वार्षिक उत्सव और 23वें स्वामी ओमानंद सरस्वती स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कही। गुरुकुल महाविद्यालय के पुनरुद्धारक स्वामी ओमानन्द सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार अपने गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाते हुए महान विभूतियों के दिखाए मार्ग को अपनाकर जनकल्याण में अपना दायित्व निभा रही है। आधुनिकता के दौर में सरकार की ओर से नई शिक्षा पद्धति पर कार्य किया जा रहा है और इस शिक्षा प्रणाली में अध्ययन कार्य के साथ ही कौशल विकास, संस्कारों का समावेश, स्थानीय भाषाओं को विकसित करने के साथ ही योग शिक्षा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सुधार में भी कारगर साबित होगी। हरियाणा सरकार प्रयास कर रही है कि गुरुकुल शिक्षा व प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में सामंजस्य स्थापित हो। गुरुकुल में स्थित संग्रहालय का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में ब्रहचारियों ने मलखंभ,समतोला सहित अन्य विधाओं का सराहनीय अभ्यास किया। अपने ऐच्छिक कोष से पांच लाख रुपये गुरुकुल महाविद्यालय को देने की घोषणा भी की।





झज्जर। गुरुकुल स्थित संग्रहालय का अवलोकन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।



झज्जर। स्मृति चिन्ह स्वरूप समतोला भेट करते गुरुकुल के आचार्य देवव्रत। फोटो :हरिभूमि

# छारा में नशे और एड्स को लेकर किया जागरुक



बहादुरगढ़। कैंप के दौरान पुस्तक का विमोचन करती डॉ. अनीता दलाल व अन्य।

- नशीले पदार्थों से सदैव दूर रहने का संकल्प करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन नशे और एड्स को लेकर विस्तार व्याख्यान हुए। इसके अलावा महाविद्यालय में डॉ. जयंत और डॉ. वेद प्रकाश की एडिटेड पुस्तक का विमोचन कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल ने किया। कार्यकारी प्रचार्या डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में आयोजित साप्ताहिक एनएसएस कैंप के दूसरे दिन शनिवार को एक्सटेंशन लेक्चर हुए। नेकी राम राजकीय महाविद्यालय से आए प्राध्यापक डॉ. वेदप्रकाश ने समाज में फैली नशे की बुराई को लेकर जागरुक किया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे से होने वाले नकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। नशीले पदार्थों से सदैव दूर रहने का संकल्प करवाया। रिटायर्ड प्राध्यपिका मंजू देसवाल ने एचआईवी एड्स के बारे मे विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने इस बीमारी के फैलने और उनसे बचाव के तरीके समझाए। एनएसएस कोर्डिनेटर मंजू मलिक ने दोनों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र, डॉ अश्वनी कुमार, मोनिका, ज्योति, डॉ ललिता, मोहित व लोकेश आदि मौजूद रहे।

## शहीदों के सम्मान में सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता आज

**झज्जर।** शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र के गांव बिरधाना के स्कूल खेल मैदान में रविवार को सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य रोहित दहिया ने बताया कि शहीदों के सम्मान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 71 हजार व तृतीय 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट रेडर एवं बेस्ट कैचर को भी 31-31 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# गीत गायन में दामिनी ने पाया पहला स्थान



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- प्रतियोगिता का आयोजन संगीत प्राध्यापिका डॉक्टर तमसा और डॉक्टर टीना चावला ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के संगीत विभाग के तत्वावधान में गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन संगीत प्राध्यापिका डॉक्टर तमसा और डॉक्टर टीना चावला ने किया। बीए तृतीय वर्ष की दामिनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान दूसरे स्थान पर रही। बीए तृतीय वर्ष का चंदू तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर अमित भारद्वाज, डॉक्टर तमसा और डॉक्टर टीना चावला ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में तबला वादक अश्विनी कुमार और आनंद ने विशेष भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में जन्मदिन पर पौधा लगाते दिनेश कौशिक। फोटो :हरिभूमि

## सेवामूर्ति ने पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने शनिवार को अपना 55वां जन्मदिन पौधरोपण कर मनाया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव जीवन में इनका अहम योगदान है। अगर धरती पर पेड़ नहीं रहेंगे, तो जीवन भी मुश्किल हो जाएगा। शास्त्रों में भी एक पौधे की संज्ञा सौ पुत्रों के समान दी गई है। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि हर विशेष अवसर पर पौधरोपण जरूर करें। पौधारोपण करने के बाद दिनेश कौशिक ने सेक्टर-2 स्थित अपने कार्यालय में केक भी काटा। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दिनेश कौशिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना की।

# प्री क्वार्टर फाइनल में जीती कई टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय सीनियर स्टेट महिला फुटबाल चैंपियनशिप के दूसरे दिन गांव डाबोदा कलां के स्टेडियम में प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए।

शनिवार को पहले मुकाबले मे जींद ने अंबाला को 3-1 से, रोहतक ने करनाल को 5-0 से, राई ने दादरी को 3-0 से, रेवाड़ी ने कुरुक्षेत्र को 4-0 से, भिवानी ने कैंथल को 4-0 से, गुरुग्राम ने पलवल को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। इस अवसर पर अशोक गुलिया, आनंद जींद, संदीप हिसार, शर्मिल दादरी, अश्वनी कोच हिसार, मनप्रीत कौर यमुनानगर, डॉ. सोनाली, राहुल मुंढाल, प्रदीप सरपंच, प्रदीप कोच, विक्की गुलिया, बृजपाल कैंथल व नवदीप राई मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। गोल करने का प्रयास करती फुटबॉल खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

# स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में नवीन रहा प्रथम



झज्जर। शिक्षकों के साथ मौजूद स्लोगन लेखन के प्रतिभागी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में भूगोल विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य नसीब सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्लोगन-लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल के महत्व व जल है तो कल है का संदेश दिया। प्रतियोगिता में नवीन ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय तथा तनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉक्टर भाग्यश्री, सुमित नरवाल, सीमा रानी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# विश्व जल दिवस पर सांखोल में निकाली रैली

- वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की स्वयंसेविकाओं ने विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए गांव सांखोल में रैली निकाली। ताकि ग्रामीणों को जल बचाने की आवश्यकता से अवगत कवाया जा सके। स्वयंसेविकाओं ने रैली के दौरान ग्रामीणों को बताया कि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि पानी बचाना बेहद जरूरी है, यह हमारा मूलभूत संसाधन है, इससे कई काम संचालित होते हैं। इसकी कमी से ज्यातार क्रिया कलाप ठप हो सकते हैं। लोग पानी को बचाकर रखने की जगह व्यर्थ करने पर तुले रहते हैं। जल की कमी केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक समस्या बन चुकी है। हमें पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए और इसे व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए। इसलिए हमें खुद भी पानी के महत्व को समझना चाहिए और लोगों को भी इसके लिए अधिक से अधिक जागरूक करना चाहिए।




बहादुरगढ़। गांव सांखोल में रैली निकालती वैश्य कॉलेज की स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि




झज्जर। एल ए स्कूल परिसर में बनाया गया रंगोली रेखाचित्र। फोटो :हरिभूमि

## रेखाचित्र के माध्यम से दिया जल संरक्षण का

**झज्जर।** एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने एक विशाल पृथ्वी के रेखाचित्र के माध्यम से जल के महत्व को प्रदर्शित किया। इस रंगोली में विश्व मानचित्र के माध्यम से दिखाया कि हम सबके पास पृथ्वी के अलावा कोई दूसरा ग्रह नहीं है। हमें पानी को बचाकर, जीवन को बचाना होगा। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया,जयदेव दहिया, अनिता गुलिया,नीलम दहिया ने सभी विद्यार्थियों को जल है तो कल है के नारे को बुलंद करके शपथ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम पानी को व्यर्थ में नहीं बहाएंगे,पानी की बूंद-बूंद को बचाएंगे।

### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया

# डीएवी में टॉपर स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

- इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा
- शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से दूसरी, आठवीं और 11वीं के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शानदार परीक्षा परिणाम के बीच प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, पुस्तकें और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शालू शर्मा और शिवांगी ने किया। प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि छात्रों ने पूरे वर्ष मेहनत से पढ़ाई की और परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी। उनके अनुसार यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के प्रयास और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम में आर्य समाज के सदस्य ब्रह्मजीत छिकारा, जयपाल दहिया, ईश्वर आर्या, सतपाल वत्स आदि उपस्थित रहे। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




बहादुरगढ़। उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रिंसिपल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# स्लोगन लिखने में प्रथम रही संजू

- स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. सुनील के नेतृत्व में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस दौरान स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्लोगन राइटिंग में संजू ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में खुशबू और नैंसी ने प्रथम, तनीषा ने द्वितीय और कनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. सुनील ने छात्राओं को जल के महत्व के बारे में बताया। उनके अनुसार पृथ्वी की सतह पर उपलब्ध पानी में से 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है। यह नमकीन पानी पीने के काम नहीं आ सकता। केवल तीन प्रतिशत पानी पीने योग्य है। जिसे हम व्यर्थ बहा रहे हैं और प्रदूषित कर रहे हैं। उन्होंने जल प्रदूषण को रोकने के उपाय बताए। इस दौरान डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. पूनम, डॉ. सतेंद्र और अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी छात्राओं के साथ कॉलेज स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### रागिनी कंपीटिशन व भंडारा 25 को

**झज्जर।** भाईचारा ट्रक ऑपरेटर वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा आगामी मंगलवार को हनुमान जी के भंडारे व रागिनी कंपीटिशन का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष मंगल गुलिया ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सब्जी मंडी के नजदीक हुड्डा कॉम्पलेक्स में किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** अपनी बहन को लेने छारा जा रहे एक युवक की गांव आसंडा के निकट सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में पानीपत के सौदापुर निवासी महाबीर ने बताया कि उनकी पुत्री प्रीति की शादी गांव छारा में हो रखी है। उनका पुत्र पंकज अपनी बहन को लेने के लिए मोटरसाइकिल से छारा गया था। लेकिन सांपला गढी मोड़ पर आसंडा के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत अभियोग अंकित किया है।

### छोटूराम नगर के मकान से चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर के छोटूराम नगर में अज्ञात चोर घर में घुसकर नकदी समेत कुछ सामान चुरा ले गए। स्थानीय निवासी रेखा देवी ने बताया कि गली नंबर 5 में उनका मकान है। वे शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे अपने घर आई तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। बैड, अलमारी का सामान उथल पुथल था। उसके पर्स में रखे 10 हजार रुपए भी गायब थे। जबकि उसकी छत पर 20-20 रुपए के दो नोट मिले। इस कारण उसे पड़ोसियों के चोरी में शामिल होने का संदेह है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया है।

### गिरफ्तार चोर से गाड़ी भी बरामद, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने गाड़ी व नगदी चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से चुराई गई गाड़ी, वारदात में प्रयोग की गई स्कूटी व गाड़ी में से चुराए गए पैसों में से 13 हजार 500 रुपए भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस में शिकायत देते हुए मनोज निवासी आसौदा टोडरान ने बताया था कि 19 मार्च को उसने अपनी गाड़ी सब्जी मंडी में खड़ी की थी। कुछ समय बाद गाड़ी वहां पर नहीं मिली। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-6 में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। एसएचओ कृष्णकांत ने बताया कि इस मामले में गहनता से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी अर्जुन निवासी गांव बहराना को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिक पूछताछ में उसने बताया कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी उसने चोरी की थी।

**धमाके का कारण मुख्य सवाल, घर के सभी दरवाजे अंदर से लॉक होने से बढ़ रहा सस्पेंस**

# धमाके से खत्म हुआ परिवार छोड़ गया सवालों की कतार

■ सेक्टर-9 के एक मकान में धमाके से चार की मौत, एक गंभीर ■ जला मिला घर का इनडोर एसी

**घटनाक्रम**

■ दिल्ली में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले हरिपाल सिंह ने करीब सात माह पहले सेक्टर-9 के मकान नंबर-312 को किराए पर लिया था

■ मकान में घायल मिले व्यक्ति को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, बाद में पीजीआई रेफर

■ धमाके के बाद सिलेंडर फटने की अफवाह उड़ी, तरह- तरह की अटकलें लग रही

■ पुलिस फोरेंसिक और बैलेस्टक जांच में जुटी, हर एंगल को खंगाल रहे पुलिस कर्मचारी





बहादुरगढ़। शवों को घर से लेकर आते पुलिसकर्मी। (इनसेट में) अस्पताल में ले जाने के लिए एंबुलेंस में रखे दो शव।

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

शनिवार शाम को जोरदार धमाके के बीच सेक्टर-9 के एक मकान में किराए पर रहने वाला परिवार हमेशा के लिए सो गया। लेकिन यह हादसा अपने पीछे कई तरह के सवाल छोड़ गया। जिसके उत्तर घटनास्थल पर खड़ा हर व्यक्ति जानना चाह रहा था। फिलहाल पुलिस भी इन सवालों के जवाब तलाशने में जुटी है।

### दमकलकर्मी ने की थी आत्महत्या

बता दें कि दिल्ली में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले हरिपाल सिंह ने करीब 7 महीने पहले बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 के मकान नंबर-312 को किराए पर लिया था। यह घर करीब 25 प्रतिशत ही बना हुआ है। इस मकान में पहले दिल्ली दमकल में कार्यरत एक व्यक्ति रहता था। कुछ महीने पहले उसने आत्महत्या कर ली थी।

### शाम छह बजे हुआ धमाका, पड़ोसी परिवार को बचाने के लिए पहुंचे

शनिवार शाम 6 बजे जब यह धमाका हुआ तो घर के मेन गेट पर अंदर से ताला लगा हुआ था। मकान के दोनों कमरों के दरवाजे भी अंदर से लॉक थे। धमाके के बाद एकत्र हुए पड़ोसियों ने धक्के मारकर लोहे के गेट का कुंदा तोड़कर उसे खोल दिया। कुछ लोग दीवार फांदकर अंदर घुसे। लेकिन शाम के समय कमरों के अंदर से सभी दरवाजे लॉक होने की चर्चा होती रही।

### घायल की नहीं हुई पहचान

घर के अंदर का दरवाजा तोड़ा तो उसके साथ ही भीतर घायल सरदार कराह रहा था। उसके हाथ झुलसे हुए थे। उसे तुरंत शहर के नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया। जहां से पीजीआई रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान और इस हादसे में उसकी भूमिका को लेकर भी सवाल अनुत्तरित बने हुए हैं। इसके बाद दमकल की टीम आग बुझाने में जुट गई।

### सिलेंडर एकदम ठीक मिला

जब धुआं हटा तो बेड पर दो बच्चे व एक महिला के शव नजर आए। समीप ही एक अन्य सिख का शव था। जिसकी पहचान बाद में हरिपाल सिंह के रूप में हुई। जब दमकलकर्मियों ने रसोई गैस सिलेंडर की जांच की तो वह बिल्कुल ठीक मिला। जबकि शुरुआत में अफवाह सिलेंडर फटने की ही उड़ी थी, कोई गैस गीजर तो कोई एलईडी टीवी में ब्लास्ट की अटकलें लगा रहा था।

**जला मिला इनडोर एसी:** पड़ताल की तो कमरे में लगे स्पलिट एसी की इनडोर यूनिट पूरी तरह जली मिली। फर्श की टाइलें तक उखड़ गई थी। सभी शीशे टूटे हुए थे। पुलिस और जांच टीम की हर आंख धमाके के मुख्य कारण को तलाश रही थी। लेकिन सभी जवाब फोरेंसिक और बैलेस्टक जांच के अलावा घायल के बयान दर्ज होने के बाद ही मिल सकेंगे। पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा भी घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंच गए। तमाम शुरुआती तथ्यों की जांच उपरांत चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस मृतकों की पूरी पहचान के लिए देर रात तक प्रयास करती रही। फोरेंसिक व बेलेस्टिक टीम धमाके के कारण तलाशती रही। पुलिस इस मामले में हर एंगल को बारीकी से खंगाल रही है।

**धमाके के बाद घर में लगी आग**



**मलखंभ का अभ्यास**



झज्जर। शनिवार को प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय के 109वें वार्षिक उत्सव और 23वें स्वामी ओमानंद सरस्वती स्मृति दिवस कार्यक्रम का कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने गुरुकुल महाविद्यालय के पुनरुद्धारक स्वामी ओमानन्द सरस्वती को नमन किया। इस मौके परब्रहचारियों ने मलखंभ,समतोला सहित अन्य विधाओं का अभ्यास किया।

...विस्तृत समाचार पेज 11 पर

## बाल श्रम करते चार बच्चे मुक्त करवाए

**बहादुरगढ़।** आपरेशन मुस्कान के तहत मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने एमडीडी आफ इंडिया के साथ मिलकर शनिवार को बहादुरगढ़ के रेलवे रोड तथा रोहतक रोड स्थित प्रतिष्ठानों से 4 बच्चों को मुक्त करवाया। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बाल कल्याण समिति में पेश किया।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की कार्रवाई में एएसआई सुशील कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार, संस्था से जिला समन्वयक मनोज कुमार, वीएसी कर्मजीत छिल्लर व सामाजिक कार्यकर्ता कोमल शामिल रहे। इस टीम ने रेलवे रोड स्थित एक ढाबे तथा रोहतक रोड स्थित 2 दुकानों से 4 बच्चों को रेस्क्यू करवाया। उन्होंने बताया कि बाल श्रम निषेध एवं संशोधन अधिनियम के तहत बाल श्रम की गतिविधि में शामिल व्यक्ति के खिलाफ 20 से 50 हजार रुपए तक जुर्माना और 6 महीने की सजा का प्रावधान है। मुक्त करवाए गए यूपी व बिहार मूल के बच्चों की आयु 13 साल से 17 सालके बीच है। ये बच्चे भी पढ़ना चाहते हैं, लेकिन परिवार की आर्थिक हालात के चलते नहीं पढ़ पा रहे। स्टेट क्राइम ब्रांच के एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि ऐसे बच्चों को बाल श्रम व बालभिक्षावृत्ति से मुक्त करवाकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

## अंशु को मिस फ्रेशर और तुषार को मिला मिस्टर फ्रेशर का खिताब

**झज्जर।** संस्कारम् नर्सिंग कॉलेज खातीवास में शनिवार को बीएससी नर्सिंग नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसीपी अखिल कुमार व संस्कारम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। फ्रेशर पार्टी के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संस्कृति पर आधारित गीतों, नृत्य व कविताओं की प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने फ्लोरेंस नाइटेंगल को साक्षी मानकर नाइटेंगल प्लेज और अपने कर्त्तव्य का पालन करने की शपथ ली। निवर्तमान बैच के लिए रैंप वॉक जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। पार्टी के दौरान अंशु मिस फ्रेशर व तुषार को मिस्टर फ्रेशर, दीक्षा को मिस पर्सनेलिटी व मुकुल को मिस्टर पर्सनेलिटी, श्रुति को मिस ब्यूटी व प्रिंस को मिस्टर हेंडसम के रूप में चुना गया। परफॉर्मर ऑफ द डे में पहले स्थान पर शिवानी तथा दूसरे स्थान पर ब्रिजेश, अर्षप्रीत व सानिया रहे। समारोह का समापन संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के साथ हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।




## हत्या मामले में वांटेड पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



■ पुलिस ने अदालत में पेश किया न्यायिक हिरासत में भेजा

सीआईए और शहर थाना टीम द्वारा गोली मारकर हत्या करने मामले में आरोपी पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव ने बताया कि सुमित निवासी बेरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए वांटेड आरोपी को सीआईए झज्जर व थाना शहर की संयुक्त टीम ने अनिल निवासी अच्छेज पहाड़ीपुर जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर रोहतक रेंज के आईजी द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम 20 जनवरी 2023 को घोषित किया गया था। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें से थाना बेरी के क्षेत्र में शराब पीकर हुड़दंगबाजी करने, दादा सिरसा के मंदिर से मूर्ति चोरी करने, चोरी के समय चोट मारने, धमकी देने के मामले दर्ज हैं। वहीं जिला भिवानी, रोहतक में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा जिला चरखी दादरी में 2010 में एक व्यक्ति की हत्या करने मामले में भी आरोपी फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मांडोठी में पशुओं की लड़ाई के बाद फायरिंग, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में झोटों की लड़ाई में एक पक्ष ने पहले एक झोटे को जख्मी किया और फिर हवाई फायर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई।मांडोठी निवासी मोहित के अनुसार उनके परिवार के पास लगभग 20 भैंस और झोटा है। वह शनिवार को अपने पशुओं को दलाल भवन के सामने स्टेडियम में चराने के लिए लेकर गया था। वहां पर ओमबीर, धर्मबीर व सोमबीर भी अपने झोटे को लेकर आ गए। दोनों झोटे आपस में लड़ने लगे। जब उनका झोटा लड़ाई में कमजोर पड़ने लगा, तो ये तीनों भाई भड़क गए। सोमबीर ने मोहित के झोटे के सिर पर जेली से हमला कर दिया। मोहित का पिता कृष्ण व चचेरा भाई नवीन भी मौके पर आ गए। उन्होंने सोमबीर को रोका तो ओमबीर ने हवाई फायर कर दिया। फिर तीनों आरोपियों ने मारपीट की। इस बीच दोनो झोटे मौके से भाग गए। तीनों आरोपी भी अपने झोटे के पीछे भाग गए। अन्य ग्रामीण भी इस दौरान मौके पर जुट गए थे। पीड़ित पक्ष ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 115 व 287, आर्म्स एक्ट की धारा 25/27-54-59 और पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा के 11 के तहत अभियोग अंकित किया है।




हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़ी व्यवस्था शहर में जगह- जगह लग गए कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ सफाई ठेके के नाम पर सालों से हो रहे भ्रष्टाचार पर खामोश नेता और अधिकारी, भुगत रहे नागरिक

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। हर कोई समस्या के समाधान की मांग कर रहा है। हालांकि कोई भी इस मुद्दे की असल जड़ को लेकर बात करने को तैयार नहीं है। शहर में करीब एक दशक से सफाई ठेके के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है। लेकिन नेता और अधिकारी निजीकरण के नाम पर हो रहे नगर के खजाने की खुली लूट पर खामोश हैं। जिसका खामियाजा सफाईकर्मियों से लेकर नागरिक भी भुगत रहे हैं। जी हां, 17 मार्च से ठेकेदार के मातहत काम करने वाले सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। छह दिन से शहर की सफाई व्यवस्था ठप है। सड़कों पर चारों तरफ कूड़ा ही कूड़ा नजर आ रहा है। नगर प्रशासन के अनुसार ठेकेदार के भुगतान को लेकर स्वीकृति की फाइल सरकार के पास पेंडिंग पड़ी है। इस मामले में चार बार हड़ताल हो चुकी हैं। लेकिन सरकार भी ठोस निर्णय नहीं ले पाई है। ऐसे में शहर में महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। सफाई कर्मियों की हड़ताल से पूरे शहर में गंदगी फैल गई है। कूड़ा सड़ने से बदबू फैलने और बीमारी होने की आशंका बढ़ गई है। दिन-प्रतिदिन स्थिति बदतर होती जा रही है। दरअसल, नगर परिषद ने सफाई व्यवस्था के नाम पर अलग-अलग ठेके दे रखे हैं।



### 10 वार्डों की सफाई निजी हाथों में

नगर परिषद के आउटसोर्स कर्मचारी केवल 10 वार्डों की सफाई करते हैं। शेष 11 वार्डों की सफाई निजी हाथों में हैं। इसके अलावा कूड़ा उठान और निस्तारण का ठेका अलग से है। इन पर हर महीने करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। लेकिन सरकार से भी शक्तिशाली हो चुकी निजी व्यवस्था अब नागरिकों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। बताया जा रहा है कि सफाई ठेके की अनुमति सरकार के स्तर पर दी जानी थी। लेकिन कई महीनों से यह अनुमति नहीं मिलने से ठेकेदार का भुगतान भी अटक गया है और इस क्रम में उसने भी सफाईकर्मियों का वेतन रोक दिया है। वेतन नहीं मिलने से आहत ठेकेदार के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर 17 मार्च से हड़ताल शुरू कर दी। शनिवार को भी कर्मचारियों ने नगर परिषद के गेट पर धरना देकर अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही पूरा वेतन नहीं मिलने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही। बकाया वेतन की मांग को लेकर पहले भी कई बार हड़ताल हो चुकी है। इस बार हड़ताली सफाईकर्मी अधिकारियों के आश्वासन से भी नहीं मान रहे हैं। उनके अनुसार वेतन मिलने के बाद ही हड़ताल खत्म होगी।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 1.76 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

टेलिग्राम एप पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर आरोपियों ने एक व्यक्ति से एक लाख 76 हजार रुपए ठग लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनसी की धारा 318(4) के तहत अभियोग दर्ज किया है। लाइनपार निवासी महेश नारनोलिया एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। उसके टेलिग्राम आईडी पर 12 मार्च को एक पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया था। अगले दिन उसे एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। फिर उन्होंने क्यूआर कोड के माध्यम से 500 रुपए डलवा लिए और 850 रुपए वापिस भेज दिए। फिर 15 हजार रुपए डलवाए और 2350 रुपए वापिस आए। उसके बाद उन्होंने 2 हजार रुपए डलवा लिए और फिर 3 हजार रुपए डलवा लिए। ट्रेडिंग गलत होने का हवाला देकर 12 हजार 960 रुपए डलवा लिए। सारी रकम को सुरक्षित बताते हुए उन्होंने 48 हजार 510 रुपए भेजने को कहा। उसने 14 मार्च को 48 हजार 510 रुपए भी भेज दिए। उन्होंने फिर एक हजार रुपए वापिस भेजे। इसके बाद उनके कहे अनुसार 30 हजार रुपए निकालने का प्रयास किया। लेकिन पैसे नहीं निकलने तो उन्होंने कहा कि अकाउंट ब्लाक हो गया और इसमें 1 लाख 7 हजार 756 रुपए डालकर सारे पैसे निकाल लेना। उसने 15 मार्च को 98 हजार तथा 9756 रुपए डाल दिए। फिर उन्होंने कहा कि इसमें 1 लाख 95 हजार 100 रुपए जमा करवाने होंगे।

### शहीद स्मारक के फूड कोर्ट दिए जाएंगे लीज पर

**झज्जर।** आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रांति में शहीद हुए वीरों की याद में अंबाला कैंट में नेशनल हाईवे 44 पर आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वीर शहीदों की याद में बनाया जा रहा यह स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। उन्होंने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा इस स्मारक के आठ फूड कोर्टस को लीज पर देने के लिए टेंडर लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।